फोर्स की 'मोबाइल डिस्पेंसरी' ने लाखों मरीजों का इलाज किया

एजेंसी | मुंबई, कोविड-19 के मामलों में महाराष्ट्र अग्रणी राज्य बना हुआ है। वर्तमान में रोजाना बढ़ रहे पॉजिटिव मामलों के चलते डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ पर बहुत ज्यादा प्रेशर है। इस समस्या को हल करने के लिए पुणे स्थित ऑटोमोटिव दिग्गज फोर्स मोटर्स ने भारतीय जैन संगठन (बीजेएस, पुणे) के साथ मिलकर महाराष्ट्र में एक मोबाइल डोरस्टेप डिस्पेंसरी सुविधा 'डॉक्टर आप्ल्या दारी' शुरू की है। यह पहल 30 मोबाइल डिस्पेंसरी वैन के साथ 1 अप्रैल, 2020 को शुरू हुई थी, जो डॉक्टरों, सहायक कर्मचारियों और दवाओं से लैस थीं. पूरी तरह से सुसज्जित ये वैन पूर्व-सूचित कार्यक्रम के मुताबिक महाराष्ट्र के आर्थिक रूप से कमजोर विभिन्न इलाकों में गई हैं। इन वैनों में मौजूद डॉक्टरों और मेडिक्स की टीम कोविड-19 के लक्षण पहचानने और संक्रमण के संदिग्ध मामलों को अधिकृत अस्पतालों में भेजने के लिए समर्थ हैं।